कार्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँदा
प्रसार निदेशालय
बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा–210001, उ0प्र0

website:- banda.kvk4.in, e-mail:- kvkbanda@gmail.com

पत्रांकः 49/के0वी0के0/2025 दिनांक 02/06/2025

पशु नीलामी की सूचना

सभी सम्बन्धित व्यक्तियों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, बांदा द्वारा दिनांक 17.06.2025 को प्रातः 11 बजे से नीलामी की समाप्ति तक केन्द्र परिसर में स्थित गोशाला में थारपारकर नस्ल की कुछ गायों, बछियों एवं बछडों की नीलामी की जायेगी। यह नीलामी सार्वजानिक होगी तथा इसमें सभी इच्छुक व्यक्ति/संस्था भाग ले सकते हैं। नीलामी में निम्नलिखित पशु सम्मिलित किये जायेंगे।

- 03 (तीन) दुधारू गायें।
- 03 (तीन) बछिया (Heifers)
- 01 (एक) बछडा

नीलामी की जानकारी एवं शर्तें निम्नलिखित है–

1. नीलामी तिथि –17 जून 2025
2. समय प्रातः 11:00 बजे से नीलामी समाप्ति तक
3. स्थान : कृषि विज्ञान केन्द्र, बांदा की गौशाला।
4. बोलीदाता को अपने साथ वैध पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस लाना अनिवार्य है।
5. नीलामी में बोली लगाने के लिये नीलामी स्थल पर रू0 500/– की धनराशि नकद कार्यालय में जमा करनी होगी, जो बाद में वापिस अथवा समायोजित कर दी जायेगी।
6. नीलामी/बिक्री के उपरान्त पशु के उत्पादन, स्वास्थ्य आदि की कोई जिम्मेदारी केन्द्र की नहीं होगी।
7. पशु नीलामी "जहां है जैसे हैं" (As is where is basis) के आधार पर की जायेगी। सभी पशुओं की नीलामी का कारण केन्द्र पर पशुओं की अधिकता हे।
8. नीलामी हेतु पशुओं की संख्या घट/बढ सकती है।
9. सफल बोली दाता को इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह इन पशुओं को दुग्ध उत्पादन/कृषि कार्य हेतु उपयोग में लायेंगें एवं किसी भी दशा में वह इन पशुओं को हत्या के प्रायोजन हेतु विक्रय/हस्तानान्तरित नहीं करेंगे। (शपथ प्रपत्र का प्रारूप संलग्न है)
10. सफल बोलीकर्ता को कुल राशि का 25 प्रतिशत तत्काल जमा करना होगा। विक्रय किये गये पशुओं को नीलामी के 48 घन्टे में पूर्ण भुगतान कर केन्द्र से ले जाना

होगा। भुगतान नकद/बैंक ड्राफ्ट/ बैंक ट्रान्सफर द्वारा केन्द्र के रिवाल्विंग फंड खाते में भुगतान करना होगा। किसी भी दशा में चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

11. सफल बोली दाता केन्द्र से पशुओं को ले जाने की व्यवस्था स्वयं करेंगे एवं यात्रा सम्बन्धित सभी औपचारिकतायें भी स्वयं पूर्ण करेंगें।
12. नीलामी के उपरान्त विक्रीत पशुओं एवं कृषक के स्वयं के पशुओं के स्वास्थ्य/दुर्धटना/मृत्यु के लिये केन्द्र उत्तरदायी नहीं होगा।
13. इच्छुक बोली दाता/पशुपालक दिनांक 16 जून, 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में केन्द्र पर आकर पशुओं का निरीक्षण कर अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
14. सभी निर्णयों का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

आप सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग लें।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :

अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक
कृषि विज्ञान केन्द्र, बांदा
मो0 न0 – 9450791440

अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, बांदा

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ।

1. अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र महोबा, झांसी, हमीरपुर, ललितपुर एवं जालौन को सूचनार्थ
2. समस्त नोटिस बोर्ड, बांदा कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय बांदा।
3. डा0 मयंक दुबे, सहायक प्राध्यापक एवं अध्यक्ष पशु विक्रय समिति बी0यू0ए0टी0, बांदा।
4. निदेशक प्रसार महोदय, बी0यू0ए0टी0, बांदा।
5. वित्त नियंत्रक महोदय, बी0यू0ए0टी0, बांदा।
6. मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, बांदा को सादर सूचनार्थ।
7. वै0स0 मा0 कुलपति महोदय, माननीय कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

अध्यक्ष
कृषि विज्ञान केन्द्र, बांदा

पशु नीलामी 2025

दिनांक 17.06.2025 को नीलामी की जाने वाली पशुओं की सूची

नस्ल – थारपारकर

क्रम सं0	पशु सं0	लिंग	आयु	पशु नीलामी का कारण
1	KBC-2	गाय	13 वर्ष	ईकाई में पशुओं की अधिकता का कारण
2	KBC-3	गाय	08 वर्ष	
3	BFC-2	बछिया	03 वर्ष 04 माह	
4	BFC-3	बछिया	03 वर्ष 03 माह	
5	BFC-4	बछिया	02 वर्ष	
6	BFM-1	बछडा	01 वर्ष	

प्रारूप

शपथ पत्र

मैं.................................. पुत्र श्री............................ निवासी ग्राम.......................................
पोस्ट......................................विकासखण्ड...........................तहसील................................
जनपद..................... का निवासी हूं और शपथ पूर्वक निम्न बयान देता हूं कि –

1. मैं एक पशुपालक हूं और मेरे पास पूर्व में.............पशु हैं।
2. केन्द्र से क्रय किये गये पशु को मैं स्वयं दुग्ध उत्पादन/कृषि कार्य हेतु पालूंगा या उपयोग में लाउंगा।
3. क्रय किये गये पशु को किसी भी दशा में हत्या के प्रायोजन हेतु नहीं बेचूंगा न ही हस्तानान्तरित करूंगा।
4. केन्द्र से पशु ले जाने हेतु यात्रा की आवश्यक औपचारिकतायें मैं स्वयं पूर्ण करूंगा।

पशु पालक का हस्ताक्षर :–

पशु पालक का नाम :–
पशु पालक के पिता का नाम :–
विकास खण्ड का नाम :–
तहसील का नाम :–
जनपद का नाम :–
मो0 न0 :–
आधार संख्या :–